an>

Title: Need to address the problems of HMT Ltd., Pinjore in Ambala, Haryana.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) : अध्यक्ष महोदया, आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने भारत को मेक इन इंडिया आह्वान के अंतर्गत एक मैनुफैक्चरिंग हब बनाने का क्रांतिकारी कदम उठाया है। ऐसी स्थिति में, मैं भारी उद्योग मंत्री जी का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाली एच.एम.टी. संस्था के बारे में दिलाना चाहता हूं। यह संस्था वर्ष 1966 में स्थापित हुई और ट्रैक्टर एंड मशीन टूल्स ने नये-नये कीर्तिमान स्थापित किये, लेकिन छः दशक के बाद यह संस्था डूबने लगी। आजकल यह संस्था एक सिक इकाई के रूप में काम कर रही है। यहां के कर्मचारियों को छः-छः महीने, साल-साल तक वेतन नहीं मिलता। ट्रैक्टर के मामले में जो विषम परिस्थिति थी, वह यथावत है। आज वह इकाई डूबने के कगार पर है।

अध्यक्ष महोदया, मैं आदरणीय मंत्री जी से मांग करना चाहता हूं कि इस संस्था को किसी अन्य इकाई के साथ जोड़ा जाये, ताकि वहां के कर्मचारियों के भविष्य को बचाया जा सके। मेरा सारा क्षेत्र पहाड़ी, दुर्गम क्षेत्र है, जहां के लोगों को वर्षों से इसमें इम्प्लायमैंट मिलती रही है। लेकिन आज वहां का क्षेत्र रोजगार के लिए तरस रहा है। अगर यह इकाई भी डूब जाती है, तो उस क्षेत्र के साथ बहुत बड़ा भेदभाव होगा।

मैं आज यही मांग करने के लिए खड़ा हुआ हूं कि एच.एम.टी. को दोबारा से पुनर्जीवित किया जाये।